राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड

जन–सम्पर्क अनुभाग

118, विद्युत भवन, जनपथ, ज्योतिनगर, जयपुर –302 005

विद्युत निगमों में 487 पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन जारी

विद्युत सुदृढ़ीकरण में आगे बढ़ते हुए भर्ती की जा रही है, कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखने के लिए सरकार प्रतिबद्ध – ऊर्जा मन्त्री

जयपुर, 11 दिसम्बर 2024

प्रदेश के पांच विद्युत निगमों में विभिन्न संवर्ग के **कुल 487** पदों पर सीधी भर्ती की जायेगी। बिजली कम्पनियों में विभिन्न पदों यथा कनिष्ठ अभियन्ता (इलेक्ट्रिकल) के 228 पदों, कनिष्ठ अभियन्ता (मैकेनिकल) के 25 पदों, कनिष्ठ अभियन्ता (सी एण्ड आई/कम्युनिकेशन) के 11 पदों, कनिष्ठ अभियन्ता (फायर एण्ड सेफ्टी) के 2 पदों, कनिष्ठ रसायनज्ञ के 5 पदों तथा तकनीशियन–III (आईटीआई) के 216 पदों (कुल 487) की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया है। उक्त पदों हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया से आवेदन सम्बन्धी विस्तृत जानकारी जनवरी 2025 में जारी की जायेगी।

ऊर्जा मंत्री श्री हीरा लाल नागर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा की गई भर्ती सम्बन्धी घोषणाओं के अनुसरण में राज्य सरकार की पांचों विद्युत कम्पनियों (उत्पादन निगम, प्रसारण निगम, जयपुर/अजमेर/जोधपुर विद्युत वितरण निगम) के विभिन्न संवर्गों के पदों से जुड़ने हेतु इच्छुक योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन मांगें गये हैं। योग्य अभ्यर्थी ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से आवेदन कर सकते है।

ऊर्जा मंत्री श्री नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं को रोजगार प्रदान करने और कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्युत निगमों के सुदृढ़ीकरण की दिशा में आगे बढ़ते हुए सीधी भर्ती की जा रही है।

विज्ञापन के अनुसार उपरोक्त सभी पदों हेतु जनवरी 2025 से निम्न में से किसी भी वेबसाईट पर जाकर लिंक के जरिए आवेदन किया जा सकता है–

www.energy.rajasthan.gov.in
www.energy.rajasthan.gov.in/rrvun
www.energy.rajasthan.gov.in/rrvpn
www.energy.rajasthan.gov.in/jvvnl
www.energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl
www.energy.rajasthan.gov.in/avvnl

आवेदन सम्बन्धी विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थियों को उपरोक्त वेबसाईट से जुड़े रहने की सलाह दी गई है।

———